राजधानी से प्रकाशित RNI NO. UPHIN/2010/33668

# अंदाज़-ए-लखनऊ

सुल्तानपुर, हापुड़ एवं शाहजहांपुर में प्रसारित

हिन्दी साप्ताहिक

वर्ष-11 अंक-24 लखनऊ, मंगलवार 26 जनवरी, 2021 पृष्ठ : 8 मूल्य : एक रूपया

## बाल पुरस्कार विजेताओं से मोदी ने की बात

# कोरोना के कारण नहीं हो सकी मुलाकात



नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने बाल पुरस्कार विजेता सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी तरह मैं भी आपसे मिलने का इंतजार कर रहा था, लेकिन कोरोना की वजह से हमारी वर्चुअल मुलाकात हो रही है। बता दें कि 63 सालों में पहली बार है जब बहादुर बच्चे गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं होंगे। 1957 से यह सिलसिला लगातार चल रहा था, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण इस साल राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चे राजपथ पर नहीं दिखेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना ने निश्चित तौर पर सभी को प्रभावित किया है। लेकिन एक बात मैंने नोट की है कि देश के बच्चे, देश की भावी पीढ़ी ने इस महामारी से मुकाबला करने में बहुत भूमिका निभाई है। साबुन से 20 सेकेंड हाथ धुलना हो ये बात बच्चों ने सबसे पहले पकड़ी। उन्होंने कहा कि आपने जो काम किया है, आपको जो पुरस्कार मिला है, वो इसलिए भी खास है कि आपने ये सब कोरोना काल में किया है। इतनी कम उम्र में आपके द्वारा किए काम हैरान करने वाले हैं। पीएम ने कहा, आपकी सफलता ने कई लोगों को प्रेरित किया है। आपके दोस्त, साथी और देश के दूसरे बच्चे, जो आपको टीवी पर देख रहे होंगे, तो वो भी आपसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। नए संकल्प लेंगे और उन्हें पूरा करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। हर बच्चे की प्रतिभा उनका टैलेंट देश का गौरव बढ़ाने वाला है। मेरा मन है कि आप सभी से बात करता रहूं। आप एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बहुत ही सुंदर अभिव्यक्ति हैं। सरकार असाधारण योग्यता और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को यह पुरस्कार प्रदान करती है। इस बार बाल शक्ति पुरस्कार की विभिन्न श्रेणियों के तहत देशभर के 32 बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 दिया गया है। इसमें कला और संस्कृति के क्षेत्र में 7 पुरस्कार दिए गए हैं, नौ पुरस्कार इनोवेशन के लिए दिए गए हैं और पांच शैक्षिक उपलब्धियों के लिए, सात बच्चों को स्पोर्ट्स कैटेगरी, तीन बच्चों को बहादुरी के लिए और एक बच्चे को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है। इससे पहले पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड के कार्यक्रमों में शामिल होनेवाले एनसीसी कैडिटों, एनएसएस कार्यकर्ताओं और कलाकारों को संबोधित किया था। उन्होंने कहा कि हमें देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने का अवसर नहीं मिला। लेकिन निश्चित रूप से हमारे पास देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का अवसर है। हम अपने देश के लिए जो कुछ भी अच्छा कर सकते हैं, हमें करना चाहिए ताकि भारत और सशक्त हो।

## पुलवामा हमले में शहीद हुए सीआरपीएफके एएसआई को राष्ट्रपति पुलिस पदक

नयी दिल्ली गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर सोमवार को सीआरपीएफके सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) मोहनलाल को वीरता के लिए सर्वोच्च पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। वर्ष 2019 में पुलवामा में विस्फोटकों से लदी एक कार ने सीआरपीएफ की एक बस को टक्कर मारी थी जिससे मोहनलाल और बस में सवार 39 अन्य जवान शहीद हो गए थे। इस घटना से पहले एएसआई मोहनलाल ने बहादुरी दिखाते हुए कार का पीछा किया था और उस पर गोली चलाकर उसे रोकने का प्रयास किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक सूची के अनुसार केंद्र सरकार ने कुल 207 पुलिस वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की है। इसके अलावा उल्लेखनीय सेवा के लिए 89 राष्ट्रपति पुलिस पदक और 650 पुलिस पदक देने की घोषणा की गई है। इस बार 'वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक' सीआरपीएफके मोहनलाल और झारखंड पुलिस के दिवंगत एएसआई बनुआ ओरांव को दिए गए हैं। दूसरे सर्वोच्च पुलिस सम्मान, 'वीरता के लिए पुलिस पदक' के लिए 205 कर्मियों का चयन किया गया है। एएसआई मोहनलाल (50), 14 फरवरी 2019 को पुलवामा के लेथपुरा में बीएसएनएल टावर के पास जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर मील के पत्थर संख्या 272 पर सीआरपीएफ की 'रोड ओपनिंग पार्टी' के पिकेट कमांडर थे जब जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन द्वारा हमला किया गया था।

## दिल्ली में फिर चल सकती है शीत लहर

नयी दिल्ली दिल्ली में अगले दो-तीन दिन में न्यूनतम तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक गिरने का अनुमान है तथा यहां फिर शीत लहर चल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केन्द्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतम तापमान के लगभग 16 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दौरान घने से बेहद घना कोहरा भी छा सकता है। उन्होंने कहा, '' बर्फ से ढके पश्चिमी हिमालय से आने वाली बर्फीली हवाओं से तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और शहर में अगले दो-तीन दिन तक शीत लहर चलने का अनुमान है।''






# राज्य सरकार प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित: मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार कोरोना के खिलाफ जंग को सफलतापूर्वक लड़ रही है, जिसके कारण राज्य में इस महामारी की स्थिति नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस पर अंतिम प्रहार करने के लिए पूरे देश में कोविड वैक्सीनेशन अभियान प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश में कोरोना टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 28 व 29 जनवरी को सम्पन्न किये जाने वाले वैक्सीनेशन कार्य की सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन अभियान निरन्तर भारत सरकार की गाइडलाइन्स एवं क्रम के अनुसार संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई है, किन्तु कोविड-19 का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कोविड-19 से बचाव व नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त कोविड चिकित्सालयों में आवश्यक औषधियों, बैकअप सहित ऑक्सीजन तथा मेडिकल उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता निरन्तर बनी रहे। कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कॉन्टेक्ट टेउसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को प्रभावी बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर सुचारू ढंग से कार्यशील रहें। इनके माध्यम से कोरोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर संचालित गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए। सभी जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में प्रतिदिन बैठक कर आगामी रणनीति का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को विभिन्न प्रचार साधनों तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से निरन्तर जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता को कम दाम पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के स्थापना कार्य को गति दी जाए। इसके अन्तर्गत नये औषधि केन्द्रों को खोले जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों की संख्या में वृद्धि होने से लोगों को सुगमतापूर्वक कम मूल्य की औषधियां उपलब्ध होंगी। उन्होंने बर्ड फ्लू के दृष्टिगत सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ0 रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लाजवाब मुगलाई व चिकन के बेहतरीन स्वाद के लिए जाने जाते हैं उत्तम

लखनऊ। नवाबों का शहर लखनऊ जहां तहजीब के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। वही अपने खानपान के लिए भी एक अनोखी पहचान रखता है। इसी का एक उदाहरण है, उत्तम कुमार का ओपन एयर रेस्टोरेंट राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित तुलसी के पास ओपन एयर रेस्टोरेंट जहां स्वाद के दीवाने खिचें चले आते हैं। और खुशबू ऐसी की की भूख जगा दे। दोपहर का खाना हो या रात का भोजन भीड़ का सिलसिला थमता ही नहीं स्वादिष्ट मुगलई खाना व चिकन की अनेक वैराइटियां खाने के शौकीनों को अपनी ओरआकर्षित करती हैं। ओपन एयर रेस्टोरेंट्स के मालिक उत्तम कुमार से बर्ड फ्लू के खतरे को लेकर बातचीत पर उन्होंने कहा की बर्ड फ्लू हो या ना हो हमारे वहां पहले से ही शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। एवं स्वस्थ चिकन का प्रयोग करते है। तथा चिकन की साफ सफाई व जरूरी तापमान पर उबाला जाता है। एवं शुद्ध तेल व शुद्ध मसालो का प्रयोग किया जाता है। हम अपने ग्राहकों की सेहत का विशेष ध्यान रखते हैं। और हमारा यही विश्वास हमारे ग्राहकों से हमारा संबंध जोड़े रखता है। यहां एक बात तो मानने वाली है, कि कुछ तो खास बात है ओपन एयर रेस्टोरेंट में जहां आज भी खाने वाले लोगों का तांता लगा रहता है।

## कोविड टेस्ट फोटो लीक केस में गोमतीनगर में एफआईआर दर्ज

लखनऊ। आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर द्वारा अपने व अपने परिवार के कोविड टेस्ट से संबंधित फोटो व रिपोर्ट लीक होने के संबंध में दी गयी शिकायत पर थाना गोमतीनगर में मु0अ0स0 47/2021 धारा 66 आईटी एक्ट दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर गोमतीनगर धीरज कुमार द्वारा की जा रही है। अपनी शिकायत में अमिताभ ने कहा था कि 27 अगस्त 2020 को कोविड टेस्ट टीम ने टेस्ट के दौरान उनके परिवार वालों के फोटो लिए और बताया कि कोविड पॉजिटिव हो तो 24-48 घंटे में कमांड सेण्टर से ऐसा बताया जायेगा. कोविड नेगेटिव होने पर फोन नहीं आयेगा, खुद सीएमओ लखनऊ कार्यालय से मालूम करना होगा. इसके विपरीत शाम होते होते कई निजी ट्वीटर हैंडल से अमिताभ की पत्नी डॉ नूतन ठाकुर तथा दोनों बच्चों के टेस्ट के समय के फोटो अटैच करते हुए ट्वीट हुआ कि उनके परिवार में कोई कोविड पॉजिटिव नही आया है, जिससे स्पष्ट है कि उनके परिवार की रिपोर्ट तथा फोटो सरकारी अफसरों द्वारा जानबूझ कर प्राइवेट लोगों को लीक की गयी। पूर्व में थाने ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सरकारी जाँच होने के कारण फोटो सार्वजनिक होने को कोई अपराध नहीं पाया गया. इसपर अमिताभ कोर्ट गए थे जहाँ कोर्ट ने मामले को परिवाद के रूप में स्वीकार कर लिया था। इसके बाद अब थाना गोमतीनगर ने भी मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है।

## योगी ने अपराध और अपराधियों के प्रति कठोर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों के प्रति कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि पुलिस को आमजन के प्रति मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुम्भ और प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजनों तथा कोरोना काल के दौरान पुलिस व होमगार्ड्स की कार्यप्रणाली के प्रति आमजन का दृष्टिकोण बदला है। इनकी छवि बेहतर हुई है। इसी कार्यप्रणाली और प्रबन्धन को आगे भी अपनाकर कार्य करते हुए जन अपेक्षाओं पर पुलिस बल को खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर गृह, कारागार प्रशासन एवं सुधार तथा होमगार्ड्स विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान पुलिस बल ने जिस प्रकार से कार्य किया, उसकी सराहना हुई। आरम्भ में जब संसाधन उपलब्ध नहीं थे और सारी गतिविधियां बंद थीं, तब पी0आर0वी0-112 ने होम डिलीवरी का कार्य किया। विभिन्न राज्यों में कार्यरत 40 लाख से अधिक कामगार और श्रमिक प्रदेश में वापस आए तथा अन्य प्रदेशों के लगभग 60 लाख श्रमिक व कामगार यहां से होते हुए अपने-अपने जनपदों में गए, जिनकी व्यवस्था का कार्य पुलिस और होमगार्ड्स ने अच्छे ढंग से किया। इसी प्रबन्धन का सिलसिला आगे भी जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री ने फॉरेंसिक्स के लिए सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव केन्द्र सरकार को शीघ्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गृह तथा कारागार विभाग के तहत चल रहे निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बजट स्वीकृतियों के सापेक्ष अवशेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा हो। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच हो। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए कार्य किया जाना समय की आवश्यकता है। पुलिस आधुनिकीकरण के कार्यों में शिथिलता व विलम्ब न किया जाए। उन्होंने कहा कि ई0ओ0डब्ल्यू, एस0आई0टी0 तथा सी0बी0सी0आई0डी0 से सम्बन्धित लम्बित जांच प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियोजन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के प्रति किए गए अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई, जिससे 'मिशन शक्ति' तथा महिला सशक्तीकरण को बल मिला है। उन्होंने कहा कि अभियोजन और न्यायालय सम्बन्धी प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधी को सजा दिलाने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर पोस्टिंग हो। पुलिस कर्मियों को अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में पुलिस लाइन्स नहीं है, वहां पर इनकी स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अव्यवस्था व अराजकता को किसी भी प्रकार की छूट न मिले। समय रहते कार्यवाही हो। छोटी से छोटी घटना पर ध्यान दिया जाए। पी0आर0वी0-112 निरन्तर पेट्रोलिंग करें। अभिसूचना से जानकारी प्राप्त होने पर तुरन्त कार्यवाही हो। संवेदनशील स्थानों पर पूरी सजगता और सतर्कता बरती जाए। अफवाहों को स्थान न मिले। सोशल मीडिया के प्रति निरन्तर सतर्कता रहे। अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही हर हाल में सुनिश्चित हो। कमजोर वर्गों, महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। जेलों में अवस्थापना सुविधाओं के सुधार की कार्यवाही शीघ्रता से हो। जेलों में मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार, महानिरीक्षक कारागार आनन्द कुमार ने मुख्यमंत्री जी को विभागीय कार्यों और गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मायावती का भाजपा सरकार से एक बार फिर निवेदन

लखनऊ। नए कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के आंदोलन को करीब दो माह हो गए हैं। 26 जनवरी को पूरे देश में गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा वहीं किसान ट्रैक्टर परेड निकलेगा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भाजपा सरकार से एक बार फिर निवेदन किया है कि, तीनों कृषि कानूनों को वापस ले ले। किसान आंदोलन पर केंद्र की सरकार सचेत करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को अपने ट्विटर अकांउट पर लिखा कि, बीएसपी का केन्द्र सरकार से पुनः अनुरोध है कि



इनको आन्दोलित किसानों की मांगों में से खासकर तीन कृषि कानूनों को जरूर वापस ले लेना चाहिए, ताकि कल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की शुरूआत न हो तथा न ही दिल्ली पुलिस के संदेह के मुताबिक कोई गलत व अनहोनी हो सके। इससे पूर्व एक दूसरे ट्विट में मायावती ने लिखा कि, 'उत्तर प्रदेश दिवस' पर सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश के लोगों की सुख-शान्ति, सम्पन्नता व आत्मनिर्भरता के लिए बीएसपी सामाजिक व राजनीतिक तौर पर सतत् संघर्षरत है। सत्ता की शक्ति निश्चय ही इसमें और भी ज्यादा मददगार साबित हो सकती है।

# गोमती नगर में छात्र को उसी के मित्र ने मारी गोली

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट में गोली चलने की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी महीने की 6 तारीख को विभूति खंड थाना क्षेत्र के कठौता के पास की गैंगवार में मऊ के अपराधी अजीत सिंह की हत्या हुई थी और दो अन्य को गोली लगी थी गैंगवार की इस घटना के बाद रविवार की रात गोमती नगर थाना क्षेत्र के जयपुरिया के पास एक 25 वर्षीय ला के स्टूडेंट को गोली मार दी गई। गोली चलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। छात्र को गोली मारने के आरोपी उसके मित्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। एडीसीपी पूर्वी सैयद कासिम आब्दी के अनुसार आजमगढ़ का रहने वाला 25 वर्षीय अंकुर तिवारी सिटी लॉ कॉलेज में कानून की पढ़ाई करता है। उन्होंने बताया कि अंकुर को जयपुरिया के पास गोली मारी गई उनके अनुसार अंकुर तिवारी को गोली मारने के आरोपी उसी के मित्र पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार विनीत खंड गोमती नगर निवासी धनंजय सिंह को हिरासत में ले लिया गया है। एडीसीपी के अनुसार घायल की तरफसे अभी कोई तहरीर नहीं मिली है उन्होंने गोली कांड की इस घटना को गैंगवार की घटना से पूरी तरह से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया सामने आया है कि घायल अंकुर तिवारी व धनंजय सिंह करीब ढाई साल से एक साथ रहते थे यह दोनों आपस में मित्र हैं इन दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और विवाद के कारण ही धनंजय सिंह द्वारा अंकुर तिवारी को गोली मारी गई है। बताया जा रहा है कि अंकुर तिवारी की कमर में गोली लगी है उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। गोमती नगर के जयपुरिया के पास हुई गोलीकांड की घटना गणतंत्र दिवस के 2 दिन पूर्व तब हुई जब कमिश्नरेट की पूरी पुलिस सुरक्षा के लिहाज से जगह जगह पर चेकिंग अभियान चला रही है। बाहरहाल पुलिस द्वारा आरोपी धनंजय सिंह को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 220 नये मामले आये सामने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज लोकभवन में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,06,656 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,72,05,975 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 220 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 6,813 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 2,021 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में कोविड-19 का रिकवरी प्रतिशत 97.42 है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 583 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज एल-1, एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 456 तथा अब तक कुल 5,83,470 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,84,078 क्षेत्रों में 5,09,217 टीम दिवस के माध्यम से 3,13,66,957 घरों के 15,23,92,343 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। श्री प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों का वैक्सीनेशन 28, 29 जनवरी तथा 04 व 05 फरवरी, 2021 को किया जायेगा। इसके बाद फ्रंट लाइन कर्मियों के वैक्सीनेशन का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता है। जिसके क्रम में कल 3400 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया, जिसमें 2,71,952 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया। जिसमें से 1,01,145 पुरूष, 1,29,203 महिला तथा 42,604 बच्चे शामिल हुए। चिकित्सीय परामर्श के दौरान 4,355 लोगों को उच्चतर चिकित्सा केन्द के लिए भेजा गया। आरोग्य मेला में 22,585 आयुष्मान भारत के गोल्डन कार्ड भी बनाए गये। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब तक वैक्सीन की दोनों डोज लग नहीं जाती तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित नहीं हो जाती तब तक कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें।

# तिरंगा उत्सव ने लोगों में देशभक्ति की अलख जगाई

लखनऊ।जे.पी.एस वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आज चौक स्थित घन्टाघर पर 72 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व सन्ध्या पर आयोजित तिरंगा उत्सव ने लोगों में देशभक्ति की अलख जगाई। तिरंगा उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि नीरज बोरा विधायक उत्तर क्षेत्र लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नीरज सक्सेना वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ, अरविंद सक्सेना, विष्णु त्रिपाठी लंकेश, जितेंद्र सक्सेना, सुरेश मिश्रा, अंबुज निगम, रणविजय सिंह, पुनीता भटनागर, निलेश पाल, कान्ति लाल शाह को विधायक नीरज बोरा ने अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर तिरंगा सम्मान से सम्मानित किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों, कर्मचारियों को दिलाई शपथ

लखनऊ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि 'हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।' इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हम सब सरकारी अधिकारीध्कर्मचारीगण हैं लेकिन हम सभी मतदाता भी हैं, मतदाता के रूप में बहुत बड़ा अधिकार होता है किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमारे संविधान में जो भी सरकार बनती है वह मतदाताओं के मत से ही बनती है और ऐसी स्थिति में कितनी अच्छी सरकार बनेगी यह इस पर निर्भर करता है कि मतदाता कितना जागरूक है, कितनी जिम्मेदारी से, कितनी समझदारी से, कितनी निष्पक्षता से, केवल मेरिट के आधार पर वोट करता है। बिना किसी प्रलोभन के, बिना किसी भय के, बिना जाति-धर्म के अपने मताधिकार का प्रयोग करता है। अगर हम केवल जो हमारे उम्मीदवार हैं, उनकी योग्यता और उनकी जनता के लिये उपयोगिता, अगर इसी कसौटी पर हम मतदान करेंगे तो सरकार जो बनेगी वह बहुत अच्छी बनेगी। इस अवसर पर सचिव एवं प्रमुख स्टाफ ऑफीसर पंकज कुमार, स्टॉफ आफीसर अमृत त्रिपाठी, स्टॉफआफीसर डॉ0 अनिल कुमार, प्रधान निजी सचिव अश्विनी कुमार बाली सहित सभी अधिकारी, कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश सरकार किसानों की आवाज को दबाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रहीः माकपा

लखनऊ। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उ0प्र0 राज्य सचिव मण्डल ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की आवाज को दबाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। 26 जनवरी को किसानों द्वारा टैक्टर मार्च को रोकने के लिए पुलिस को निर्देश दिये जा रहे हैं। पेट्रोल पंप मालिकों को टैक्टरों के लिए तेल न देने के आदेश दिये जा रहे हैं और आदेश के उल्लंघन पर उनके खिलाफ कार्यवाही की धमकी दी जा रही है। यही नहीं टैक्टर मालिकों से जमानती बाण्ड भी भराये जा रहे हैं। गांवों से किसानों को मार्च के लिए न निकलने देने के लिए थानों को निर्देश दिये गये हैं। माकपा राज्य सचिव मण्डल ने उ0प्र0 सरकार के इस तरह के घर अलोकतांत्रिक रवैये पर सख्त ऐतराज जताते हुए इसका विरोध किया है और कहा है कि सरकार यदि टैक्टरों, मोटर साइकिलों में तेल भरवाने से रोकती है तो माकपा कार्यकर्ता किसान संगठनों के साथ मिलकर पैदल या साइकिल मार्च निकालेंगे।

# मनरेगा कर्मियों के खाते में पैसा भेजने के निर्देश

बांदा। मनरेगा कर्मियों के खाते में ईपीएफधनराशि दिए जाने के लिए सीडीओ हरिश्चंद्र वर्मा ने बीडीओ को निर्देशित किया है। ब्लॉक मनरेगा कर्मी पिछले एक माह से लगातार बीडीओ तिंदवारी को पत्र के माध्यम से ईपीएफ धनराशि की मांग कर रहे थे। उन्होंने 18 जनवरी को एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल भी की थी और सीडीओ को भुगतान न होने पर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी।

# उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मामलों के स्थानांतरण से किया इनकार

नयी दिल्ली उच्चतम न्यायालय ने अंतरधार्मिक शादियों के लिए धर्म परिवर्तन का नियमन करने वाले उत्तर प्रदेश के नए कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से खुद स्थानांतरित करने से सोमवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन की पीठ ने कहा कि वह चाहेगी कि उच्च न्यायालय इसपर आदेश सुनाए। पीठ की टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण याचिका को वापस लेने का फैसला किया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस नरसिम्हा ने कहा कि उच्च न्यायालय और शीर्ष अदालत के सामने मामलों की सुनवाई के दोहराव से बचने के लिए स्थानांतरण याचिका मंजूर की जा सकती है। पीठ ने कहा, ''हमने नोटिस जारी किया है, इसका ये मतलब नहीं है कि उच्च न्यायालय मामले पर फैसला नहीं कर सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें मामले की सुनवाई से उच्च न्यायालय को क्यों रोकना चाहिए। उच्च न्यायालय को फैसला सुनाने दीजिए।'' न्यायालय छह जनवरी को अंतरधार्मिक विवादों के लिए धर्मांतरण का नियमन करने वाले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के नए विवादित कानूनों की समीक्षा करने पर सहमत हो गया था। हालांकि, पीठ ने दो-अलग अलग याचिकाओं पर कानून के विवादास्पद प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार किया था और दोनों राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को नोटिस जारी किया था तथा चार हफ्ते में जवाब देने को कहा था। अधिवक्ता विशाल ठाकरे और अन्य तथा एनजीओ 'सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस' द्वारा दाखिल याचिकाओं में 'उत् तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध् यादेश, 2020' और उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता कानून, 2018 को चुनौती दी गई है।

## सम्पादकीय

# टीके का दान

पिछले महीने एक अध्ययन में बताया गया था कि धनी देश भारी मात्रा में कोरोना टीके की खरीद कर रहे हैं, जिससे ये अपनी आबादी को तीन बार टीका मुहैया करा सकते हैं. इसके बरक्स सबसे कम आयवाले 70 देश केवल दस फीसदी आबादी को ही वैक्सीन मुहैया करा सकते हैं. भारत ने दो टीके बना कर बड़ी उपलब्धि तो हासिल की ही है, वह अपने अनेक पड़ोसी देशों को टीके अनुदान के तौर पर भी दे रहा है. पिछले कुछ दिनों में देसी टीकों की खेप भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, सेशेल्स और मॉरिशस पहुंची है. इसके अलावा सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और मोरक्को को व्यावसायिक तौर टीके भेजे जा रहे हैं. इस सूची में कुछ और देश भी जुड़ेंगे. अमेरिकी विदेश विभाग दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो ने पड़ोसी देशों को मुफ्त टीका मुहैया कराने तथा वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी के खिलाफलड़ाई में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रशंसा करते हुए भारत को 'सच्चा दोस्त' बताया है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने महामारी से निजात पाने की कोशिशों में भागीदारी के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा है.बीते साल भारत ने महामारी से जूझते कई देशों को मेडिकल साजो-सामान और दवाइयां उपलब्ध करायी थीं. दवा निर्माण के क्षेत्र में भारत अग्रणी देशों में है और इस कारण हमारे देश को 'दुनिया की फार्मेसी' भी कहा जाता है. ऐसे में दुनिया को हमारे टीकों पर भरोसा भी है. अलबत्ता, अफसोस की बात यह है कि अपने ही देश में उन पर सवाल उठाने और उनके बारे में दुष्प्रचार की कोशिश हुई. बहरहाल, अपने पड़ोसियों और मित्र देशों को टीका देने केवल कूटनीति या व्यापार का मामला नहीं है. भारत का मानवतावादी व्यवहार हमेशा से उसकी विदेश नीति का अहम हिस्सा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण एशियाई देशों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के प्रयासों के अलावा एक साझा सैटेलाइट उपहार में देने की पहल भी कर चुके हैं. पाकिस्तान की हरकतों की वजह से भले ही दक्षेस लगभग निष्क्रिय है, लेकिन बिम्सटेक के मंच के माध्यम से भारत पड़ोसी देशों के साथ व्यापार, तकनीक और वित्त के क्षेत्र में बहुपक्षीय सहयोग मजबूत करने की कोशिश में है. महामारी के दौर में टीके या अन्य जरूरी चीजें अनुदान के तौर पर या सस्ते दाम पर देकर भारत ने दुनिया के सामने एक बड़ा उदाहरण पेश किया है. कोरोना से स्थायी बचाव के लिए टीका ही एकमात्र उपाय है. ऐसे में कुछ धनी और ताकतवर देशों की तरह टीके की आड़ में भारत भी लाभार्थी देशों पर राजनीतिक, कूटनीतिक या आर्थिक प्रभाव जमाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया है और आवश्यकता एवं दायित्व को प्राथमिकता दी है. यह वैक्सीन कूटनीति नहीं है, वैक्सीन मैत्री है. वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते महत्व और सम्मान के सिलसिले में टीके का दान और निर्यात विशिष्ट कड़ी हैं.

# अमेरिका में नये युग की शुरुआत

राजनीतिक रूप से अत्यंत अप्रभावी, सामाजिक रूप से बेहद विछिन्न और आर्थिक रूप से लड़खड़ाते अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बनने के बाद कैपिटल हिल की ऐतिहासिक सीढ़ियों पर खड़े होकर जो बाइडेन ने जो कुछ कहा, वह ऐतिहासिक महत्व का है. अमेरिका के इतिहास का ट्रंप काल बीतने के बाद बाइडेन को जो कुछ भी कहना था, वह अपने अमेरिका से ही कहना था और ऐसे में वे जो भी कहते, वह ऐतिहासिक ही हो सकता था. जब इतिहास अपने काले पन्ने पलटता है, तब सामने खुला नया पन्ना अधिकांशतः उजला व चांदनी समान दिखाई देता है. इसलिए तब खूब तालियां बजीं, जब बाइडेन के कहा कि यह अमेरिका का दिन है, यह लोकतंत्र का दिन है. यह सामान्य-सा वाक्य था, जो ऐतिहासिक लगने लगा, क्योंकि पिछले पांच सालों से अमेरिका ऐसे वाक्य सुनना और गुनना भूल ही गया था. यह वाक्य घायल अमेरिकी मन पर मरहम की तरह लगा. उनके ही नहीं, जिन्होंने बाइडेन को वोट दिया था, बल्कि उनके लिए भी यह मरहम था, जो चुप थे या वह सब बोल रहे थे, जो उन्हें बोलना नहीं था और जिसका मतलब वे भी नहीं जानते थे. जिन लोगों को उन्मत्त कर ट्रंप ने अमेरिकी संसद में घुसा दिया था और जिन्हें लगा था कि एक दिन की इस बादशाहत का मजा लूट लें, उन्हें भी नयी हवा में सांस लेने का संतोष मिल रहा होगा. लोकतंत्र है ही ऐसी दोधारी तलवार, जो कलुष को काटती है, शुभ को चालना देती है. यह अलग बात है कि तमाम दुनिया में लोकतंत्र की आत्मा पर सत्ता की भूख की ऐसी गर्द पड़ी है कि वह खुली सांस नहीं ले पा रहा है. बाइडेन ओबामा की तरह मंत्रमुग्ध कर देनेवाले वक्ता नहीं हैं, न उस दर्जे के बौद्धिक हैं. वे एक मेहनती राजनेता हैं, जो कई कोशिशों के बाद राष्ट्रपति का मुकाम छू पाये हैं, वह भी शायद इसलिए कि अमेरिका को ट्रंप से मुक्ति चाहिए थी

इतिहास ने इस भूमिका के लिए बाइडेन का कंधा चुना. ट्रंप का पूरा काल एक शैतान आत्मा का शापित काल रहा. उन्होंने एक प्रबुद्ध राष्ट्र के रूप में अमेरिका की जैसी किरकिरी करायी, वैसा उदाहरण अमेरिकी इतिहास में दूसरा नहीं है. दूसरा कोई राष्ट्रपति भी तो नहीं है, जिस पर दो बार महाभियोग का मामला चलाया गया हो. ट्रंप बौद्धिक रूप से इतने सक्षम थे ही नहीं कि यह समझ सकें कि जैसे हर राष्ट्रपति का अधिकार होता है कि वह अपनी तरह से नीतियां बनाए, वैसे ही उस पर यह स्वाभाविक व पदसिद्ध जिम्मेदारी भी होती है कि वह अपने देश की सांस्कृतिक विरासत व राजनीतिक शील का पालन करे, उसे समुन्नत करे. इन दोनों को समझने व उनका रक्षण करने में विफल कितने ही महानुभाव हमें इतिहास के कूड़ाघर में मिलते हैं. बाइडेन ने दुनिया से कुछ भी नहीं कहा. यह उनके भाषण का सबसे विवेकपूर्ण हिस्सा था. इसके लिए अमेरिका को भारतीय मूल के विनय रेड्डी और उनकी टीम को धन्यवाद देना चाहिए, जो ओबामा से बाइडेन व कमला हैरिस तक के भाषणों का खाका बनाते रहे हैं. शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद राष्ट्र को संबोधित करने की यह परंपरा अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने 30 अप्रैल, 1789 को शुरू की थी और 'स्वतंत्रता की पवित्र अग्नि' की सौगंध खाकर 'एक नयी व आजादख्याल सरकार' का वादा किया था. अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने राष्ट्रपतियों द्वारा दिया गया अब तक का सबसे छोटा भाषण दिया था- मात्र 135 शब्दों का. सबसे लंबा भाषण राष्ट्रपति विलियम हेनरी हैरिसन ने दिया था- 8455 शब्दों का दो घंटे चला भाषण. यह राजनीतिक परंपरा आज अमरीका की सांस्कृतिक परंपरा में बदल गयी है. अमेरिका आज भी याद करता है राष्ट्रपति केनेडी का वह भाषण, जब उन्होंने अमेरिका की आत्मा को छूते हुए कहा था- 'मेरे अमेरिकी साथियों, यह मत पूछिए कि अमेरिका आपके लिए क्या करेगा, बल्कि यह बताइए कि आप अमेरिका के लिए क्या करेंगे?' साल 1933 में भयंकर आर्थिक मंदी में डूबे अमेरिका से राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने कहा था- 'आज हमें एक ही चीज से भयभीत रहना चाहिए और वह है भय.' साल 1861 में गृहयुद्ध से जर्जर अमेरिका से कहा था राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने- 'मेरे असंतुष्ट देशवासी, मेरी एक ही इल्तजा है आपसे कि दोस्त बनिए, दुश्मन नहीं. वर्ष 2009 में ओबामा ने अपने अमेरिका से कहा था- 'यह नयी जिम्मेदारियों को कबूल करने का दौर है. हमें अपने प्रति अपना कर्तव्य निभाना है, देश और दुनिया के प्रति अपना कर्तव्य निभाना है और यह सब नाक-भौं सिकोड़ते हुए नहीं, बल्कि आह्लादित होकर करना है' यह सब राष्ट्र-मन को छूने और उसे उदात्त बनाने की कोशिश है बाइडेन जब कहते हैं कि हम एक महान राष्ट्र हैं हम अच्छे लोग हैं तब वे अमेरिका के मन को ट्रंप के दौर की संकीर्णता से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं जब उन्होंने कहा कि मैं सभी अमेरिकियों का राष्ट्रपति हूं- सारे अमेरिकियों का, हमें एक-दूसरे की इज्जत करनी होगी और यह सावधानी रखनी होगी कि सियासत ऐसी आग न बन जाए, जो सबको जला कर राख कर दे, तो वे गहरे बंटे हुए अपने समाज के बीच पुल भी बना रहे थे और सत्ता व राजनीति की मर्यादा भी समझा रहे थे. उन्होंने दुनिया से सिर्फ इतना ही कहा कि हमें भविष्य की चुनौतियों से ही नहीं, आज की चुनौतियों से भी निबटना है. बाइडेन के भाषण में असाधारण थी अनुभव की लकीरों से भरे उनके आयुवृद्ध चेहरे से झलकती ईमानदारी. वे जो कह रहे थे, मन से कह रहे थे और अपने मन को अमेरिका का मन बनाना चाहते थे. वहां शांति, धीरज व जिम्मेदारी के अहसास से भरा माहौल था. उन्होंने गलती से भी ट्रंप का नाम नहीं लिया, जैसे उस पूरे दौर को पोंछ डालना चाहते हों. चुनावी उथलापन, खोखली बयानबाजी, अपनी पीठ ठोकने और अपना सीना दिखाने की कोई छिछोरी हरकत उन्होंने नहीं की. यह सब हमारे यहां से कितना अलग था! गीत-संगीत व संस्कृति का मोहक मेल था, लेकिन कहीं चापलूसी और क्षुद्रता का लेश भी नहीं था. यह एक अच्छी शुरुआत थी, लेकिन न बाइडेन भूल सकते हैं, न अमेरिका उन्हें भूलने देगा कि भाषण का मंच समेटा जा चुका है अब वे हैं और उनके सामने कठोर सच्चाइयां हैं हम भी बाइडेन की आवाज में आवाज मिला कर कहते हैं- ईश्वर हमें राह दिखाए और हमारे लोगों को बचाए.

# शेयर बाजार में उछाल के मायने

देश के अग्रणी 30 शेयरों के प्रदर्शन का पैमाना यानी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का संवेदी सूचकांक पहली बार बीते 21 जनवरी को 50 हजार अंक के स्तर को पार कर गया. छोटे-मोटे उतार-चढ़ाव को छोड़ दें, तो पिछले साल 23 मार्च को 25,881 अंक तक लुढ़कने के बाद एक साल से कम समय में ही सूचकांक दोगुने स्तर को पार कर गया. यह सूचकांक 30 सर्वोच्च कंपनियों के शेयरों पर आधारित है, जिसमें समय-समय पर बदलाव होता रहता है, पर सूचकांक में हमेशा कुल कंपनियों की संख्या 30 होती है. इसमें सूचीबद्ध कंपनियां भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं साल 1875 में स्थापित बीएसई भारत और एशिया का सबसे पुराना संवेदी सूचकांक है. अब भारतीय अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे महामारी से पहले की स्थिति में लौट रही है. कोरोना वायरस का टीका आ चुका है तथा देशभर में टीकाकरण अभियान 16 जनवरी से शुरू हो गया है. अब लोगों के मन-मस्तिष्क से कोरोना का खौफ बाहर निकल रहा है साल के अंत तक आर्थिक गतिविधियों के सामान्य स्तर पर पहुंचने की उम्मीद बढ़ी है. आगामी बजट में आर्थिक सुधार को आगे बढ़ाने की उम्मीद है. विदेशी निवेशक मई से हर महीने औसतन चार अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं. बाइडन प्रशासन द्वारा अमेरिका में राहत के उपायों की उम्मीद से नवंबर से ही विदेशी निवेशकों की लिवाली बढ़ी हुई है. दुनियाभर में मौद्रिक और आर्थिक राहत पैकेजों की घोषणा से भारत सहित सभी उभरते बाजारों में लिवाली का रुख बना हुआ है. इसकी वजह से शेयरों का मूल्यांकन भी काफी ज्यादा बढ़ गया है. सूचकांक में आये उछाल को आम लोग भारतीय अर्थव्यवस्था की ताजा स्थिति से जोड़ कर देख रहे हैं, लेकिन ऐसे उतार-चढ़ाव का अर्थव्यवस्था से कोई सीधा संबंध नहीं होता है. सेंसेक्स शब्द को अंग्रेजी के शब्द सेंसिटिव इंडेक्स से लिया गया है. हिंदी में इसे संवेदी सूचकांक कहते हैं, क्योंकि यह बहुत ही ज्यादा संवेदनशील होता है. यह बहुत छोटी-छोटी घटनाओं या गतिविधियों, जैसे, मानसून के सामान्य रहने का अनुमान, सरकार की प्रस्तावित नीतियां, बजट के संभावित प्रावधान आदि से ऊपर-नीचे होता रहता है.

ताजा उछाल को समझने के लिये शेयर और शेयर बाजार के परिचालन को समझना जरूरी है. शेयर का अर्थ होता है हिस्सा. शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को शेयर ब्रोकर की मदद से खरीदा व बेचा जाता है यानी कंपनियों के हिस्सों की खरीद-बिक्री की जाती है. भारत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) नाम के दो प्रमुख शेयर बाजार हैं. शेयर बाजार में बांड, म्युचुअल फंड और डेरिवेटिव भी खरीदे एवं बेचे जाते हैं. कोई भी सूचीबद्ध कंपनी पूंजी उगाहने के लिए शेयर जारी करती है. जितना निवेशक शेयर खरीदते हैं, उतना उसका कंपनी पर मालिकाना हक बढ़ जाता है. निवेशक अपने शेयर को कभी भी बेच सकते हैं. शेयर बाजार में खुद को सूचीबद्ध कराने के लिए कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज से लिखित करारनामा करना होता है. इसके बाद कंपनी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास वांछित दस्तावेज जमा करती है. जांच के बाद कंपनी को बीएसई या एनएसई में सूचीबद्ध कर लिया जाता है. कंपनी को समय-समय पर अपनी आर्थिक गतिविधियों के बारे में सेबी को जानकारी देनी होती है, ताकि निवेशकों का हित प्रभावित नहीं हो. किसी कंपनी के कामकाज का मूल्यांकन ऑर्डर मिलने या नहीं मिलने, नतीजे बेहतर रहने, मुनाफा बढ़ने या घटने, आयत या निर्यात होने या नहीं होने, कारखाने या फैक्ट्री में कामकाज ठप पड़ने, उत्पादन घटने या बढ़ने, तैयार माल का विपणन होने या नहीं होने आदि जानकारियों के आधार पर किया जाता है. इसलिए कंपनी पर पड़नेवाले सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव के आधार पर शेयरों की कीमतों में रोज उतार-चढाव आता है.

# पछुआ हवाओं की वजह से यूपी में चलेगी शीतलहर



शहजहांपुर। उत्तर प्रदेश का मौसम लगातार बदल रहा है। मौसम विभाग का अलर्ट है कि आने वाले तीन,चार दिन उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलेंगी। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से आने वाली ये उत्तरी पश्चिमी हवाएं यूपी के कई जिलों में गलन को बढ़ाएंगी। 26 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक यूपी में लखनऊ सहित कई जिलों में घने कोहरे व शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद लखनऊ के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के ऊपर घने कोहरे की मोटी परत पश्चिमी हिस्सों से तराई तक छाई हुई है। पछुआ हवाओं के जोर पकड़ने से अगले दो दिनों में कोहरा तो छट सकता पर पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाएं गलन भरी ठंड बढ़ाएंगी। और शीतलहर का यह प्रकोप करीब तीन चार दिन रहने की संभावना है। प्रदेश में करीब तीन दिन से पूर्वी हवाएं चल रही थी। इन हवाओं में नमी होती है, जिस वजह से पूरे प्रदेश में घना कोहरा पड़ रहा था। पर सोमवार से हवाओं का रुख बदल गया। अब बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं की जगह पहाड़ी इलाकों से आने वाली उत्तरी पश्चिमी हवाएं लेंगी। पहाड़ों पर जमी बर्फकी ठंड को ये पछुआ हवाएं अपने संग लेकर चलेंगी, जिसके बाद यूपी के कई जिले एक बार फिर से ठंड की वजह से तीन चार दिन तक कांपेंगे। शीतलहर से गलन और ठंड अपने पूरे शबाब पर होगी।

## गणतंत्र दिवस पर विधायक रोशनलाल वर्मा ने किया ध्वजारोहण

शाहजहाँपुर। देश के 72वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जगह-जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इलाके के कई स्कूलों, सरकारी दफ्तरों व सामाजिक संस्थानों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में देश के गणतंत्र दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। निगोही स्थित सुभद्रा देवी महेश चंद्र इण्टर कालेज एवं महाविद्यालय में भी गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर विधायक रोशनलाल वर्मा ने ध्वजारोहण किया। अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। देश के लिए जान देने वाले शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए। इससे पहले विद्यालय प्रधानाचार्य के द्वारा विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट उनका स्वागत किया गया।

## निगोही में जिला सचिव डॉ. नवनीत यादव के नेतृत्व में निकाली गई रैली

शाहजहाँपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद भर में अलग अलग स्थानों पर किसानों के साथ मिलकर सपाइयों ने ट्रेक्टर निकाली। इसी कड़ी में निगोही में सपा जिला सचिव डॉ. नवनीत यादव के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली निकालकर नए कृषि कानूनों को वापस लेने की आवाज बुलंद की गई। इस मौके पर सरकार के विरोध में खूब नारेबाजी भी की गई। मंगलवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों के समर्थन में निगोही के ग्राम पतराजपुर में बड़ी संख्या में सपाई एकत्रित हुए। यहां बड़ी संख्या में किसान भी अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। जिला सचिव डॉ. नवनीत यादव के नेतृत्व में यहां से ट्रेक्टर रैली शुरू की गई। यह रैली हमजापुर चौराहे से होकर अलग अलग रास्ते से होकर वापस पतराजपुर पहुंची।

## बड़ी शान से मनाया गया गणतंत्र दिवस राष्ट्रगान से गूंज उठा महाविद्यालय परिसर'

शाहजहाँपुर। पं० राम प्रसाद बिस्मिल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहाँपुर तथा सम्बद्ध जिला अस्पताल के परिसरों में 72 गणतंत्र दिवस पर गर्व से तिरंगा फहराया गया। प्राचार्य डॉक्टर अभय कुमार उपप्राचार्या डॉक्टर नीरा एवं एम एस डॉक्टर गंगवार ने राष्ट्रगान की मधुर धुनों व नारों के साथ समस्त गणमान्य चिकित्सकों की उपस्थिति दोनो परिसरों पर प्रात: 8रू30 ध्वजा रोहण किया। तिरंगे की ऊंची उड़ान के साथ गर्व और खुशी हर किसी के चेहरे पर चमक रही थी। प्रवक्ता डॉक्टर पूजा त्रिपाठी पांडेय ने अपने व प्रधानाचार्या डॉक्टर अभय के विचारों को साझा करते हुए देश के संविधान के बारे में बता कर सभी को संविधान की प्रमुख विशेषताएं बताई इसके तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्रों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमे छात्रा अंशिका चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पूजा त्रिपाठी पांडेय के निर्देशन में किया छात्र यश, अंकित, उबैदुल्लाह खान के द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया एवं छात्रा श्रेया पटेल ने भी गणतंत्र दिवस पर अपने भाव प्रकट किए।उसके पश्चात राधिका,सुजन्या,श्रेया आदि छात्राओ ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए। उसके पश्चात् सूक्ष्म जलपान के साथ प्रधानाचार्य व उपप्रधानाचार्य की टीम के मध्य क्रिकेट मैच कर कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर अभय कुमार के साथ पी ? एम ? एस ? चिकित्सक, समस्त वरिष्ठ चिकित्सक गण, चिकित्सा अधिकारी, संकाय सदस्य एवं पूर्व सैनिक दल के सुरक्षा कर्मी इत्यादि उपस्थित रहे। जय हिंद।

## कटरा में पूर्व विधायक राजेश यादव ने निकाली ट्रैक्टर रैली

शाहजहाँपुर। उत्तर प्रदेश में किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तथा नेताओं की मंगलवार को ट्रैक्टर रैली का आयोजन हुआ। पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर जिले की सभी विधानसभा में पार्टी का ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। कटरा विधानसभा में पूर्व विधायक राजेश यादव के नेतृत्व में निकाली गई ट्रैक्टर रैली में बड़ी संख्या में किसान जुटे। इस दौरान पुलिस से नोकझोक होने पर सपाई तीन बार सड़क पर ही बैठकर प्रशासन और पुलिस के खिलाफनारेबाजी करने लगे। अफसरों के समझाने के बाद सभी शांत हुए।मीरानपुर कटरा में जलालाबाद-कटरा स्टेट हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप से पूर्व विधायक राजेश यादव के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली निकाली गई। ट्रैक्टर रैली में भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा कंटेनर और पुलिस जीप लगाकर सपाईयों का रास्ता रोकने का प्रयास किया गया। जिससे आक्रोशित सपाई स्टेट हाइवे पर ही धरने पर बैठ गए। काफी देर तक पुलिस प्रशासन के खिलाफनारेबाजी होती रही। इस बीच एसडीएम तिलहर व सीओ तिलहर सभी को समझाने पहुंचे। पूर्व विधायक राजेश यादव से अफसरों ने बातचीत कर कार्यकर्ताओं को शांत करवाने का निवेदन किया। काफी देर बाद सपाई शांत हुए और आगे बढ़ गए। कटरा चौराहे से पहले प्रशासन ने ट्रैक्टर रैली को रोक लिया और नेशनल हाइवे पर जाम लगने की बात कही। यहां से ट्रेक्टर रैली वापस पेट्रोल पंप पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को गणतंत्र दिवस मनाने का अधिकार है।







# नामित डीएम तुबा अख्तर ने फरियादी शिक्षक की समस्या सुनी बीएसए को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के दिये निर्देश

रायबरेली-जिला प्रोबेशन कार्यालय के प्रोबेशन अधिकारी जय प्रकाश यादव के प्रयासों डीएम के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व आत्मविश्वास को जागरूक एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जलनपद में सभी विभागों के नामित अधिकारी हुए जिससे महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने हरचन्दपुर निवासी इंटरटापर व बीएससी मं अध्ययनरत अर्चना कुमारी प्रथम चरण व द्वितीय चरण में सब्जी के निकट सेखन टोला निवासी तुबा अख्तर एफजी कालेज की बीकॉम अध्ययनरत को एक दिन के लिए नामित जिलाधिकारी बनाया गया। विभागीय अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतीकात्मक रूप व कार्यालयाध्यक्ष के रूप में 10 से 12 बजे तक जन सुनवाई के दौरान आये हुए फरियादियों के शिकायत पत्र तथा वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आवास, भूमि विवाद, कोटेदार, पुलिस विभाग, व्यापार आदि से जुडी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व पुलिस थानों को फोन के माध्यम से शिकायतों को त्वरित निस्तारित हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व नामित जिलाधिकारी तुबा अख्तर ने एक फरियादी शिक्षक रामपाल की समस्या के बारे में विस्तार से सुना तथा बीएसए को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

नामित जिलाधिकारी अर्चना कुमारी व तुबा अख्तर ने कोविड-19 कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत हम दोनो बहुत खुश है और हमे एक दिन का नामित जिलाधिकारी बनकर बहुत अच्छा लगा है। मैं भविष्य में लगन व मेहन से पढ़कर आईएएस बना चाहूँगी। जिससे में जिलाधिकारी बनकर देश व समाज के लोगों की सेवा कर सकू। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी व जनपद के जिलाधिकारी जी को नामित जिलाधिकरी पद के साथ ही अन्य विभागों में बालिकों को नामित अधिकारी के लिए धन्यवाद भी दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान व कार्यक्रम के तहत बालिकाओं व महिलाओं के अन्दर एक आत्मविश्वास व



विश्वास के प्रति जागरूक करने व भविष्य में लोगों की समस्याओं को समझने के लिए जनपद में अर्चना कुमारी व तुबा अख्तर को एक दिन का चरणबद्ध का नामित जिलाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर दिया गया है। नामित जिलाधिकारी चरणबद्ध अर्चना कुमारी व तुबा अख्तर 10 से 12 बजे तक लोगों की जन सुनवाई व अन्य विभागीय कार्यो का निर्वहन किया गया। उन्होंने बताया कि बालिका द्वारा कोविड-19 कोरोना संक्रमण व नारी शक्ति, नारी सुरक्षा से सम्बन्धि जागरूकता आयोजन व कार्यक्रम पोस्टर आदि के माध्यम से अच्छी साहभागिता की है तथा नारी शक्ति व नारी की सुरक्षा से सम्बन्धित बुकलेट आदि बनायी है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत अभियान को निरन्तर चलते रहना चाहिए और बालिका व माहिलाओं को इस प्रकार सम्मान व आत्मविश्वास जगाने के लिए के प्रेरित भी किया जाता रहेगा। बालिकाओं व बालिका की सुरक्षा व सम्मान से संबंधित विभिन्न प्रकार के उपायों तथा बच्चों के विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराधों के रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता अभियान निरन्तर चलते रहना चाहिए। महिलाओं, बालिकाओं को कानून के प्रति जागरूकता हेतु अभियान चलाकर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, महिला उत्पीड़न की रोकथाम, लैंगिक समानता एवं महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है।

# सेमरी बैंक मैनेजर ने CSP संचालक के साथ की बैठक




सुफील खान

खीरों, रायबरेली। आज दिनांक 25 जनवरी सोमवार को खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहा में स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेमरी में बैंक मैनेजर राकेश के नेतृत्व में सी,एस,पी संचालक के साथ की बैठक सम्पन्न हुई, ।जिसमे भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेमरी के बैंक मैनेजर राकेश ने सी, एस,पी संचालक से कहा आपलोग सही तरीके से काम करिए और ग्राहक को अच्छी से अच्छी सुविधा देने का प्रयास करे और साथ ही कहा कि ग्राहकों से विन्रमता से पेश आइये और उन्हें कोई शिकायत का मौका मत दीजिए क्यों कि हम ग्राहक के ऊपर एहशान नही करते हैं किंतु ग्राहक हमारे ऊपर एहशान जजूर करते है ,और ग्राहकों के साथ हमेशा अच्छे से बातचीत करनी चाहिए और उनको शाखा परिसर की तरफ से जो भी योजनाएं आये आती हैं तो ग्राहकों को विस्तार पूर्वक योजनाओं को समझाए और उनको इन योजनाओं के पूरा पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना चाहिए साथ ही शाखा मैनेजर ने कई योजनाओं के बारे में भी बात की। बैंक मैनेजर ने सी,एस,पी संचालक के साथ बैठक की. इसमें सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक मैनेजर शाखा सेमरी राकेश,भारतीय स्टेट बैंक कैशियर विकाश बैंक कर्मचारी और सी,एस,पी,संचालक आदि सभी सम्मानितगढ़ मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक बरामद,केस दर्ज,चोर गया जेल

ऊंचाहार ।ऊंचाहार कोतवाली के गांव अकोड़िया निवासी पंकज पुत्र केशवलाल निवासी सलीमपुरभैरो उर्फ अकोड़िया की बाइक गांव से बीते 20जनवरी को चोरी होने पर कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा संख्या 34/21 धारा 379,411 के तहत दर्ज करते हुए पुलिस ने चोरी की बाइक समेत कमलेश कुमार पुत्र रामनाथ निवासी खोजकलापुर को गिरफ्तार .

# गणतन्त्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने की तैयारी रखें पूरी- डीएम

रायबरेली -जनपद में गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने का निर्देश जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने दिये है। राष्ट्रीय पर्व पर कोविड-19 कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक लोग सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारियो तथा को निर्देश दिये कि गणतन्त्र दिवस व गंगा यात्रा को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था को पूरी तरह से सुदृढ़ रखा जाए। क्षेत्र मे संयुक्त रूप से भ्रमण कर क्षेत्र की संवेदनशीलता का जायजा लेते हुए असामाजिक तत्वो को चिन्हित कर विधिक कार्यवाही भी जारी रखी जाए। उन्होने कहा कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी को देखते हुए साफ-सफाई तथा पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रखे। किसी भी प्रकार की कही कोई कमी हो तो उसे दुरूस्त कर ले।

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि स्कूलों में निर्धारित समय के अनुसार प्रभातफेरी का आयोजन तथा प्रातः 8.30 बजे से सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान तथा संकल्प लिया जायेगा। पुलिस लाइन में परेड का आयोजन के साथ ही तहसील, ब्लाक, गांव में भी कार्यक्रमों का आयोजन करें। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। जनपद में साफ-सफाई के साथ ही विद्युत व्यवस्था आदि को भी दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं।

# अपनी मांगो को लेकर मतदाता दिवस के दिन महिलाओं ने काटा हंगामा

ऊंचाहार। ऊंचाहार ब्लाक के गेट पर अपनी मांगो को लेकर समूह की सैकड़े महिलाओं ने जबरजस्त हंगामा काट दिया ।जिसमे महिलाओं की मांग को लेकर हो रहे हंगामा के कारण बीडीओ पहले तो बचे लेकिन उसके बाद उनको महिलाओ के बीच महिलाओ की तदात बड़ते जाने पर आना पड़ा जिसको लेकर बीडीओ ने समझाने का प्रयास किया लेकिन अपनी मांगो पर महिलाएं डटी रही।



बताते चले कि ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत राजीवगांधी महिला विकास परियोजना के अन्तर्गत कुल 5सौ से अधिक समूह है ।जिसमे इस परियोजना के समूह की महिलाओं ने बीडीओ को लीखित शिकायती पत्र लेकर पहुंचे जहां पर बीडीओ के द्वारा मिलने मे आनाकानी करने पर नाराज परियोजना की सैकड़े महिलाओं ने ब्लाक गेटघेरकर जमकर हंगामा काट दिया जिसमे हंगामा का मकसद ये था कि नए पद पर आए एनआरएम के कार्यकर्ता के द्वारा राजीवगांधी महिला विकास परियोजना के ब्लाक इंचार्ज प्रीती सिंह का सहयोग न करने व समूह के महिलाओ में विखंडन पैदा करके परियोजना को कमजोर करने का खडयंत्र रच रहेहै ।जिसमें ब्लाक इंचार्ज प्रीती सिंह के पक्ष में ब्लाक के 5सौ समूह के पदाधिकारियो के द्वारा सोमवार के दिन यानी मतदाता दिवस के दिन ब्लाक पहुंचकर हंगामा काटा गया ।जिसमे हंगामा जबरजस्त देखकर बीडीओ विजयंत सिंह हंगामा कर रही महिलाओ के बीच पहुंचे और उनकी बात सुनते हुए शिकायती पत्र लेकर एनआरएम कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्यवाही की बात कहने पर हंगामा शांत हुआ ।जिसमे ब्लाक में 12बजे से 1:30बजे तक जबरजस्त हंगामा था ।जिस मौके पर परियोजना की ओर से कृष्णा देवी, कल्पना, गंगादेयी, ज्ञानवती, आसमा आदि मौजूद थे।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे पेट्रोल के रेट

नयी दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन 25-25 पैसे प्रति लीटर की और वृद्धि हुई। इससे वाहन ईंधन के दाम नयी ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 25-25 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। दिल्ली में अब पेट्रोल 84.70 रुपये प्रति लीटर और डीजल 74.88 रुपये प्रति लीटर हो गया है। बुधवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 25-25 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। मुंबई में पेट्रोल के दाम 91.07 रुपये प्रति लीटरसे बढ़कर 91.32 रुपये प्रति लीटर और डीजल 81.34 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 81.60 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल के दाम अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर हैं। वहीं मुंबई में डीजल की कीमत रिकॉर्डस्तर पर पहुंच गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) ने छह जनवरी से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन फिर शुरू किया है। इससे पहले करीब एक माह तक ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। वाहन ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम फरवरी, 2020 के बाद उच्चस्तर पर पहुंचने के बाद फिर शुरू हुआ है। हालांकि, बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमतों में कुछ गिरावट आई। ब्रेंट कच्चा तेल 11 सेंट टूटकर 55.95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एनवाईएमईएक्स लाइट स्वीट क्रूड 10 सेंट के नुकसान से 52.81 डॉलर प्रति बैरल रह गया। इससे पहले चार अक्टूबर, 2018 को दिल्ली में पेट्रोल 84 रुपये प्रति लीटर के उच्चस्तर पर पहुंचा था। इसी दिन डीजल भी 75.45 रुपये प्रति लीटर के रिकॉर्डस्तर पर था।

# प्रधानमंत्री कौशल योजना का तीसरा चरण शुक्रवार को होगा लॉन्च



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 3.0) का तीसरा चरण शुक्रवार को शुरू होगा। सरकार की कौशल प्रदान करने की इस प्रमुख योजना का तीसरा चरण देश के सभी राज्यों के 600 जिलों में शुरू होने जा रहा है। पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत योजना की 2020-21 की अवधि के दौरान आठ लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसपर 948.90 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कौशल एवं उद्यमिता मंत्रालय की अगुवाई वाले इस कार्यक्रम के तीसरे चरण में नयी-पीढ़ी और कोविड से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान पर ध्यान दिया जाएगा। इस योजना की शुरुआत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय करेंगे।

बयान में कहा गया है कि 729 प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके), पैनल वाले गैर-पीएमकेके प्रशिक्षण केंद्र, कुशल भारत के तहत 200 से अधिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान योजना के तीसरे चरण में उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण देंगे। पीएमकेवीवाई 1.0 और पीएमकेवीवाई 2.0 से मिले अनुभव के आधार पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने इसके नए संस्करण में सुधार किया है। इसे कोविड-19 महामारी की वजह से पैदा हुई स्थिति के अनुरूप बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जुलाई, 2015 को कुशल भारत मिशन की शुरुआत की थी। पीएमकेवीवाई से इस अभियान को रफ्तार मिली है।

# स्ट्रैंडजा मेमोरियल से वापसी के लिये तैयार हैं भारतीय मुक्केबाज, 21 से 28 फरवरी के बीच होगा मुकाबला

नयी दिल्ली। कोविड-19 महामारी के कारण लंबे विश्राम के बाद भारतीय मुक्केबाज अगले दो महीनों में यूरोप में विभिन्न टूर्नामेंटों में हिस्सा लेंगे जिसकी शुरुआत बुल्गारिया में स्ट्रैंडजा मेमोरियल से होगी। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा ओलंपिक खेलों के लिये अच्छी तैयारी चाहते हैं और इसलिए वह तोक्यो में होने वाले खेलों से पहले राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन भी चाहते हैं। नीवा ने कहा, ''इस साल हम बुल्गारिया में स्ट्रैंडजा मेमोरियल से शुरुआत करेंगे और इसके बाद उम्मीद है कि हंगरी में और उसके बाद एक और टूर्नामेंट होगा। इसके अलावा हम बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में रहेंगे और हो सकता है कि कुछ विदेशी टीमों को आमंत्रित करें।'' स्ट्रैंडजा मेमोरियल यूरोपीय सर्किट का सबसे पुराना मुक्केबाजी टूर्नामेंट है।



इस साल इसका 72वां टूर्नामेंट 21 से 28 फरवरी के बीच सोफिया में होगा। नौ भारतीय मुक्केबाजों अमित पंघाल (52 किग्रा), मनीष कौशिक (63 किग्रा), विकास कृष्णन (69 किग्रा), आशीष कुमार (75 किग्रा), सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक), एमसी मेरीकॉम (51 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोर्गोहेन (69 किग्रा), और पूजा रानी (75 किग्रा) - ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कुछ और भारतीय मुक्केबाज ओलंपिक खेलों से एक या दो महीने पहले होने वाले विश्व क्वालीफायर्स के जरिये भी तोक्यो का टिकट कटा सकते हैं। कोविड-19 के कारण तोक्यो खेलों को एक साल के लिये स्थगित किया गया है। भारतीय मुक्केबाज अभी बेल्लारी के इन्स्पायर खेल संस्थान में हैं जो कि जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के इस संस्थान में उच्चस्तरीय सुविधाएं हैं।

# फुटबॉल खिलाड़ियों से परेशान ब्रिटिश सरकार, कोरोना प्रोटोकॉल फॉलो करने की दी चेतावनी

लंदन। फुटबॉल खिलाड़ियों के मैदान पर जश्न मनाते हुए गले लगने और चुंबन देने से परेशान ब्रिटिश सरकार ने कोरोना संक्रमण के खतरे से बचने के लिये खिलाड़ियों को इससे गुरेज रखने के लिये कहा है। प्रीमियर लीग टीमों में कोरोना संक्रमण के कारण कई मैच स्थगित करने पड़े हैं। इस मद्देनजर खेलमंत्री नाइजेल हडलस्टोन ने बुधवार को ट्वीट किया ,'' देश में सभी को अपने तौर तरीकों में बदलाव लाना होगा। फुटबॉलर भी अपवाद नहीं है। कोरोना प्रोटोकॉल फुटबॉल पर भी लागू होता है।'' हडलस्टोन ने इस ट्वीट के साथ वह खबर भी लिंक की है जिसमें लीग ने क्लबों को पत्र लिखकर खिलाड़ियों को हाथ मिलाने, हाई फाई और गले लगने से बचने के लिये कहा था। शेफील्ड युनाइटेड और मैनचेस्टर युनाइटेडमें खिलाड़ियों ने यह चेतावनी नहीं मानी और गोल करने पर पुराने अंदाज में ही जश्न मनाते पाये गए।



# टीसीएस का शेयर तीन प्रतिशत चढ़ा, 49500 के ऊपर बंद हुआ सेंसेक्स



मुंबई। शेयर बाजारों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला बृहस्पतिवार को फिर शुरू हुआ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी जैसी कंपनियों के शेयरों में लाभ से सेंसेक्स 92 अंक चढ़कर अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती गिरावट से उबरकर 91.84 अंक या 0.19 प्रतिशत के लाभ से 49,584.16 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया सर्वकालिक उच्चस्तर है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.75 अंक या 0.21 प्रतिशत के लाभ से 14,595.60 अंक के नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर सबसे अधिक करीब तीन प्रतिशत चढ़ गया। इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई। रिलायंस सिक्योरिटीज के प्रमुख-रणनीति विनोद मोदी ने कहा कि एफएमसीजी और फार्मा शेयरों की अगुवाई में भारतीय शेयर बाजार दिन के निचले स्तर से उबरकर लाभ के साथ बंद हुए। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में लाभ दर्ज हुआ। चीन के शंघाई कम्पोजिट में गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में थे। इस बीच, वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.12 प्रतिशत के नुकसान से 55.99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# देशवासियों ने 2020 में मोबाइल पर 39 फीसदी ज्यादा समय किया व्यतीत, 4.6 घंटे का है औसत

नयी दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी पर काबू पाने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के चलते लोगों ने अपना ज्यादतर समय मोबाइल फोन में गुजारा। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि एप एनी की एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें यह दावा किया जा रहा है। अंग्रेजी समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में मोबाइल फोन पर समय 39 फीसदी ज्यादा बढ़ा है। जिसका मतलब है कि रोजाना लोगों ने 4.6 घंटे मोबाइल फोन पर व्यतीत किया। जबकि 2019 में यह महज 3.3 घंटे था।

कोरोना महामारी से बचने के लिए लोगों ने अपना ज्यादातर समय घरों पर गुजारा। ऐसे में उन्होंने टाइम पास करने के लिए मोबाइल का सहारा लिया और इतना ज्यादा खो गए कि रोजाना औसत 4.6 घंटे फोन में ही लगे रहे। वहीं, पिछले साल ऐप डाउनलोड की संख्या में भी बढ़ोत्तरी देखी गई है।

पहले की तुलना में भारत में ऐप डाउनलोड में 30 फीसदी का इजाफा हुआ और यह संख्या बढ़कर 24.27 अरब पर पहुंच गई। साल 2020 में एप स्टोर कंज्यूमर स्पेंड में भारत की रैंकिंग 25 नंबर पर है लेकिन इसमें सालाना आधार पर 35 फीसदी की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐप परचेज और सबक्रिप्शन के माध्यम से यूजर्स ने करीब 500 मिलियन डॉलर खर्च किए। ऐप डाउनलोड के मामले में चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। रिपोर्ट के मुताबिक एप एनी के सीनियर इनसाइट मैनेर लेक्सी सिडो ने बताया कि पिछले साल डाउनलोड किए गए ऐप्स के मामले में हर पांच में से दो गेम ऐप डाउनलोड किए गए हैं।

# करीना कपूर ने सालों बाद शेयर की शाहिद कपूर के साथ अपनी तस्वीर, क्या मिट गई दोनों के बीच नफरत की दीवार



शाहिद कपूर और करीना कपूर की लव स्टोरी बी-टाउन की सबसे पॉपुलर लव स्टोरीज में से एक है। हर कोई इनके प्यार के किस्से जानता है। साथ ही सबको ये भी पता है की उनके ब्रेकअप के बाद दोनों का आपसी रिश्ता कैसा है। दोनों के बीच में कितनी कड़वाहट है ये बात किसी से छिपी नहीं है। यहां तक की एक बार उड़ता पंजाब के प्रमोशन के वक्त शाहिद कपूर ने करीना कपूर पर सबके सामने तीखा कमेंट भी किया था। उन्होंने कहा था की उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता की वो किसके साथ काम कर रहे है, अगर उनका डायरेक्टर भैंस के साथ भी काम करने को बोलेगा तो वो कर लेंगे। ऐसे में अब करीना ने शहीद और अपनी एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। दरअसल सोमवार को शाहिद कपूर और करीना खान की सुपरहिट फिल्म जब वी मेट ने 13 साल पूरे कर लिए हैं। अपनी फिल्म के 13 साल पूरे होने पर करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर खास पोस्ट शेयर किया। करीना कपूर ने फिल्म जब वी मेट की मेकिंग की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में करीना कपूर के साथ शाहिद कपूर और इम्तियाज अली दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में तीनों किसी सिन को शूट करने के बाद मॉनिटर देख रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए करीना कपूर ने खास पोस्ट भी लिखा है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, मुझे तो लगता है, जिंदगी में जो कुछ इंसान रियल में चाहता है, एक्चुअल में, उसे वो ही मिलता है।

अब सोशल मीडिया पर करीना कपूर की शेयर की गयी ये फोटो जमकर वायरल हो रही है। दोनों के फैंस उनकी इस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ की कमेंट के जरिए अपना रिएक्शन भी दे रहे हैं।



# शादी के बाद सामने आई नेहा कक्कड़ की पहली तस्वीर

मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह 24 अक्टूबर को हमेशा-हमेशा के लिए एकदूजे के हो गए। जी हां नेहा और रोहनप्रीत की शादी दिल्ली में सम्पन्न हुई है। इस कपल ने उत्तम नगर स्थित एक गुरुद्वारे में फेरे लिए थे। नेहा और रोहन की शादी का कार्यक्रम एयरोसिटी स्थित होटल जे डब्ल्यू मैरियट में हुआ था। वैसे शादी के बाद से ये न्यूली मैरिड कपल लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। वहीं अब नेहा की शादी के बाद की पहली तस्वीर सामने आई है। वायरल हो रही इस तस्वीर में नेहा कक्कड़ ग्रीन कलर का सूट पहने दिख रही हैं। साथ ही उन्होंने हाथों में चूड़ा पहना हुआ है। इस तस्वीर में नेहा के पति यानी रोहनप्रीत उनके संग हैं,जिसमें वो ब्लैक कलर का ट्रैकसूट पहने दिखे हैं। वैसे नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह की ये फोटोज देखकर ऐसा लग रहा है कि होटल स्टाफ भी नेहा और रोहन के वहां होने से बेहद खुश है तभी तो वो लोग इस कपल के नए जीवन के लिए स्टाफ गुलदास्ता देकर विश कर रहा है। मालूम हो कि नेहा और रोहनप्रीत ने निजी ढंग से शादी की है। इस कपल की शादी में दोनों परिवारों के कुछ लोग और कुछ करीबी दोस्त शामिल हुए थे। वहीं ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है नेहा ने शायद अपनी शादी की जानकारी कम ही लोगों के साथ शेयर की थी। नेहा और रोहनप्रीत की शादी में टीवी अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया,पंजाबी सिंगर बानी संधू और जस्सी लोहका शामिल हुए थे।



# भाभी जी घर पर है में आया बड़ा ट्विस्ट, विभूती और तिवारी जी के बीच हुआ लिपलॉक

टीवी शो भाभी जी घर पर है में एक बड़ा ट्विस्ट आने वाला है। ये ट्विस्ट देखकर आप सभी चौंक जायेंगे। वैसे तो ये शो हमेशा से ही अपने कंटेंट को लेकर चर्चा में रहा है। लेकिन इस बार जो होगा वो तो आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। शो में एंटरटेन करने के लिए मेकर्स कुछ भी कर सकते है। इस बार तो उन्होंने एक्सपेक्टेशंस से कुछ बहुत ही हटकर चीज की है। वो क्या है ये तो आपको एक्टर रोहिताश गौर के सोशल मीडिया पोस्ट से ही समझ आ जायेगा। बता दे रोहिताश गौर ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है। ये फोटो शो के एक सीन का हिस्सा है। शो में आने वाले दिनों में शो की मेल कास्ट लिपकिस करती नजर आएगी। शो में विभूती और तिवारी का कैरेक्टर प्ले करने वाले एक्टर्स रोहिताश और आसिफशेख के बीच लिपलॉक सीन देखने को मिलेगा। इस सिन की फोटो शेयर करते हुए रोहिताश गौर ने लिखा- अबे ये लिपलॉक कैसे हो गया। विभूती जी और तिवारी जी बहुत नीच इंसान हैं, वो नाइस होता है पगली सही नहीं पकड़े है। बता दें कि शो में विभूती और तिवारी को हमेशा एक-दूसरे की टांग खींचते हुए दिखाया गया है। शो में दोनों एक-दूसरे के साथ फ्लर्ट करते दिखते हैं। लेकिन ये तो फ्लर्ट से भी एक लेवल- अप है। अब तो देखना होगा इस पर ऑडियंस का क्या रिएक्शन होगा।

# टास्क के दौरान राहुल वैद्य ने कहा कुछ ऐसा कि गुस्से में आपे से बाहर हुई जैस्मिन भसीन



बिग बॉस 14 का अपकमिंग एपिसोड काफी धमाकेदार होने वाला है. पूरे घर में इस वक्त सिंगर राहुल वैद्य की ही चर्चा हो रही है. अपने बयानों की वजह से राहुल सभी के निशाने पर हैं। बिग बॉस 14 के आने वाले एपिसोड में राहुल वैद्य ने कुछ ऐसा किया, जिससे नैना सिंह के साथ-साथ जैस्मिन भसीन का गुस्सा भी उन पर फूटा। जैस्मिन भसीन तो इस कदर भड़क गई कि राहुल को खरी-खोटी सुनाते-सुनाते फूट-फूटकर रोने लगीं। शो का नया प्रोमो सामने आया है जिसमें राहुल की कैप्टेंसी टास्क के दौरान जैस्मिन भसीन से ठनेगी. दोनों के बीच काफी हंगामा देखने को मिलेगा। राहुल पर जैस्मिन काफी भड़कती हैं, वे राहुल पर चिल्लाती हैं। जैस्मिन को शो में पहली बार अपना आपा खोते हुए देखा गया है. इस बीच जैस्मिन के फ्रेंड्स रुबीना दिलैक और बाकी उन्हें काफी समझाने की कोशिश करते हैं। जैस्मिन का ऐसा एग्रेसिव साइड देख बाकी घरवाले भी चौंक जाते हैं।

इसके अलावा राहुल की नैना सिंह से भी बहसबाजी होगी। नैना ने राहुल को लड़कियों को कमजोर बताने पर क्लास लगाई है। राहुल की जान कुमार सानू के साथ भी धक्का मुक्की दिखाई देगी।

**अंदाज-ए-लखनऊ**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अली हसन द्वारा सीता आफसेट हुसैनगंज लखनऊ से मुद्रित एवं 67/63 लालकुआँ लखनऊ प्रकाशित।
सम्पादक : अली हसन
मो नं.-8604223368
RNI No. UPHIN/2010/33668
Email Id. andazelucknow@gmail.com
प्रबंध संपादक
फ़ैज़ान सिद्दीकी
उप सम्पादक
मनीष कुमार सच्चिदानंद
ब्यूरो चीफ : राहुल शुक्ला
छायाकार : सदफ हसन (शानू)
समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायलय के अधीन होगा।